**Need to provide special package for the development of Thawe Mandir in Gopalganj district in Bihar-laid**

डॉ**.** आलोक कुमार सुमन **(**गोपालगंज**) :** थावे मंदिर (शक्तिपीठ) बिहार राज्य के गोपालगंज जिले में स्थित है । मां थावेवाली भवानी जो महान भक्त "रहसू भगत जी" के प्रार्थना पर अपने एक पवित्र स्थान कामरूप असम जहां वह "मां कामाख्या" के रूप में जानी जाती हैं और थावे में भवानी के रूप में जानी जाती हैं । थावे मंदिर के पवित्र प्रांगण में प्रत्येक दिन मां की पूजा स्तुति करने के लिए समग्र प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं । मां थावे वाली का विशेष मेला वर्ष में दो बार "चैत्रय" (मार्च) और "अश्विन" (अक्टूबर) के महीने में "नवरात्र" के पुनीत अवसर पर आयोजित किया जाता है ।

उपरोक्त संदर्भ में मैं माननीय पर्यटन मंत्री जी से यह अनुरोध करता हूं कि इस प्राचीन धार्मिक स्थल को "प्रसाद योजना" में शामिल कर इसके पुनरुद्धार एवं विकास हेतु शीघ्र अतिशीघ्र विशेष पैकेज प्रदान करने की कृपा करें । इस पहल से यह मंदिर शक्तिपीठ न सिर्फ गोपालगंज बल्कि बिहार प्रदेश के धार्मिक पर्यटन की श्रृंखला में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कर सकेगा ।